महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत जनपद/विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न रिक्तियों पर कार्मिकों की सेवायें प्राप्त किये जाने हेतु सेवाप्रदाता के चयन की कार्यवाही सम्बन्ध में।

जिलाधिकारी महोदया, गोण्डा के अनुमोदन दिनांक–.............................. के अनुक्रम में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत जनपद/विकासखण्ड स्तर पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्मिकों की सेवायें प्राप्त करने हेतु जेम पोर्टल (GEM)पर सेवाप्रदाता के चयन हेतु निविदा के लिए आवश्यक अर्हता व शर्ते निम्नवत् है:–

क्र0	पदनाम	रिक्त पदों की कुल संख्या	आरक्षण				आयु	न्यूनतम शैक्षिक अर्हता	मानदेय (ई0पी0एफ0 कटौती सहित)
			सा0	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनु सूचित जाति	अनु सूचित जनजाति			
1	अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी	7	4	1	2	0	21 से 40 वर्ष	अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के पद पर सीधी भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता, अर्हता स्नात्कोत्तर होगी। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के कार्य में वित्तीय प्रबन्धन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबन्धन तथा कम्प्यूटर के ज्ञान की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुए एम0बी0ए0/एम0सी0ए0/एम0एस0डब्लू/बी0टेक0/बी0ई0 उपाधि धारकों को विशेष अधिमान दिया जायेगा। उक्त योग्यताधारी अभ्यर्थी की अनुपलब्धता की स्थिति में एम0ए0(सामाजिक कार्य, अर्थशास्त्र, अपलाइडइकोनॉमिक्स) एवं एम0कॉम0 की योग्यता रखने वाले की सेवायें भी प्राप्त की जा सकती हैं।	34140.00
2	कम्प्यूटर आपरेटर	4	2	0	2	0	18 से 40 वर्ष	कम्प्यूटर आपरेटर/डाटा इन्ट्री आपरेटर की विहित शैक्षिक योग्यता, अर्हता–इण्टरमीडिएट तथा ओ लेवल अथवा इसके समकक्ष होगी।	15156.00
3	सहायक लेखाकार	2	0	0	2	0	21 से 40 वर्ष	सहायक लेखाकार की विहित शैक्षिक योग्यता, अर्हता–बी0कॉम0 होगी तथा कम्प्यूटर का ज्ञान अनिवार्य होगा।	15156.00
4.	तकनीकी सहायक	59	16	21	20	2	18 से 40 वर्ष	न्यूनतम शैक्षिक योग्यता, हाईस्कूल एवं सिविल/मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल ट्रेड में डिप्लोमा। विकासखण्ड स्तर पर तकनीकी सहायक की सेवायें लेने के लिए अभ्यर्थी के पास उक्त शैक्षिक अर्हता के साथ–साथ 08 वर्ष का अनुभव भी होना चाहिए।	15656.00
5.	तकनीकी सहायक (वि0ख0 स्तर)	13	7	2	4	0	18 से 40 वर्ष		15656.00
नोट–प्रति कार्मिक हेतु निर्धारित धनराशि कार्मिक को किये जाने वाले भुगतान में मानदेय एवं ई0पी0एफ0 की धनराशि सम्मिलित है।									